पंजाब केसरी
TUE,24 JUNE 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE

# बी.पी.एस. में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन 2 तक बढ़ा

गोहाना, 23 जून (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है, इसकी अंतिम तिथि 23 जून निर्धारित थी। महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन करने की तिथि को 2 जुलाई तक बढ़ा दिया है।


वी.सी. प्रो. सुदेश।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि जो छात्राएं किन्हीं कारणों से आवेदन नहीं कर पाई, उनको महिला विश्वविद्यालय ने एक मौका और दे दिया है। वी.सी. ने कहा कि ग्रामीण अंचल में कई बार नैटवर्क की दिक्कत आ जाती है जिससे कुछ छात्राएं एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाई थीं।

उन्होंने कहा कि किसी भी बेटी को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं रखा जा सकता। महिला विश्वविद्यालय महिला शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. सुदेश ने कहा कि जिस तरह से छात्राएं महिला विश्वविद्यालय में प्रवेश में रुचि दिखा रही हैं, निश्चित ही देश में बदलाव की नई झलक है।

# महिला विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन करने की तिथि बढ़ाई

गोहाना, 23 जून (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है जिसकी अंतिम तिथि 23 जून निर्धारित थी। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर महिला विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन करने की तिथि को 2 जुलाई तक बढ़ा दिया है।

# बी.पी.एस. में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन 2 तक बढ़ा



गोहाना मुद्रिका, 23 जून : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इसकी अंतिम तिथि 23 जून निर्धारित थी। महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश ने ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन करने की तिथि को 2 जुलाई तक बढ़ा दिया है।

वी.सी. प्रो सुदेश ने कहा कि जो छात्राएं किन्ही कारणों से आवेदन नहीं कर पाईं, उनको महिला विश्वविद्यालय ने एक मौका और दे दिया है। वी.सी. ने कहा कि ग्रामीण अंचल में कई बार नेटवर्क की दिक्कत आ जाती है जिससे कुछ छात्राएं एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाई थी।

उन्होंने कहा कि किसी भी बेटी को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं रखा जा सकता। महिला विश्वविद्यालय महिला शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रो सुदेश ने कहा कि जिस तरह से छात्राएं महिला विश्वविद्यालय में प्रवेश में रूचि दिखा रही है, निश्चित ही देश में बदलाव की नई झलक है।

# आगामी शैक्षणिक सत्र से रहेगा पांच दिन कार्य दिवस

**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि में आगामी शैक्षणिक सत्र से अन्य विश्वविद्यालयों की तर्ज पर पांच दिन कार्य दिवस रहेगा। यह निर्णय



मंगलवार को विवि परिसर में हुई एग्जीक्यूटिव काउंसिल की 84वीं बैठक में लिया गया। विवि की कुलपति एवं काउंसिल की चेयरपर्सन प्रो. सुदेश ने बताया कि बैठक में मुख्य एजेंडे के रूप में सभी शिक्षक वृंद के लिए पांच दिवसीय कार्यप्रणाली पर मुहर लग गई है। ऐसे में अब आगामी शैक्षणिक सत्र से महिला विवि में पांच दिन ही कार्य दिवस रहेगा। इसके अलावा करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत इंग्लिश विभाग की डॉ. डेजी, डॉ. अजीत सिंह व डॉ. नीतिका, एजुकेशन विभाग से डॉ. वरुणा तहलान दहिया व डॉ. सरला, सामाजिक कार्य विभाग से डॉ. मंजू पंवार व डॉ. ज्ञान मेहरा और इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. सुनीता व डॉ. विनोद सरोहा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति दी गई। इस पर प्रो. सुदेश ने सभी पदोन्नत शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे विवि के विकास में और अधिक योगदान की अपेक्षा की।

# महिला विश्वविद्यालय में अब होगा फाइव-डे वर्किंग

जागरण संवाददाता, गोहाना : बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में मंगलवार को एग्जीक्यूटिव काउंसिल (ईसी) की 84वीं बैठक संपन्न हुई। वीसी और ईसी की चेयरपर्सन प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा के रूप में सभी शिक्षक वृंद के लिए पांच दिवसीय कार्यप्रणाली पर मुहर लग गई है।



वीसी प्रो. सुदेश

आगामी शैक्षणिक सत्र से अन्य विश्वविद्यालयों की तर्ज पर महिला विश्वविद्यालय में भी फाइव डे वर्किंग रहेगा। इससे छात्राओं को लाभ मिलेगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत इंग्लिश विभाग की डा. डेजी को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर, डा. अजित सिंह को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर डा. नीतिका को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति दी गई है। एजुकेशन विभाग की डा. वरुणा तहलान दहिया को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर तथा डा. सरला को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली है।

सामाजिक कार्य विभाग से डा. मंजू पंवार को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर तथा डा. ज्ञान मेहरा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली है। इंजीनियरिंग विभाग के डा. सुनीता को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर तथा डा. विनोद सरोहा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली है। उन्होंने सभी को पदोन्नति पर बधाई दी।

# एग्जीक्यूटिव कौंसिल की बैठक में पांच दिवसीय कार्यप्रणाली पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



■ कई असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसरों को मिली पदोन्नति

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में मंगलवार को एग्जीक्यूटिव कौंसिल की 84वीं बैठक सम्पन्न हो गई। बैठक की अध्यक्षता विवि की कुलपति व एग्जीक्यूटिव काउंसिल की चेयरपर्सन प्रो. सुदेश ने की।बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रो. सुदेश ने बताया कि इस बैठक में मुख्य एजेंडा के रूप में सभी शिक्षकवृंद के लिए पांच दिवसीय कार्यप्रणाली पर मुहर लग गई है। आगामी शैक्षणिक सत्र से अन्य विश्वविद्यालयों की तर्ज पर महिला विवि में भी फाइव डे वर्किंग रहेगा। इसके अतिरिक्त कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अंतर्गत अंग्रेजी विभाग की डॉ. डेजी और डॉ. अजित सिंह को एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. नीतिका को असिस्टेंट प्रो.से एसोसिएट प्रो.के पद पर पदोन्नति दी है। डॉ. वरुणा तहलान दहिया और डॉ. सरला को एसोसिएट प्रो.से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली है। सामाजिक कार्य विभाग से डॉ. मंजू पंवार को एसोसिएट प्रो.से प्रोफेसर के पद पर और डॉ. ज्ञान मेहरा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली। इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. सुनीता को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. विनोद सरोहा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली।

# विश्वविद्यालयों की तर्ज पर महिला विश्वविद्यालय में भी फाइव डे वर्किंग पर लगी मुहर : प्रो. सुदेश



गोहाना, 10 जून (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज एग्जीक्यूटिव कौंसिल की 84वीं बैठक संपन्न हो गई जिसमें भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति व एग्जीक्यूटिव काउंसिल की चेयरपर्सन प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो सुदेश ने बताया कि इस बैठक में मुख्य एजेंडा के रूप में सभी शिक्षक वृंद के लिए पांच दिवसीय कार्यप्रणाली पर मुहर लग गई है। आगामी शैक्षणिक सत्र से अन्य विश्वविद्यालयों की तर्ज पर महिला विश्वविद्यालय में भी फाइव डे वर्किंग रहेगा। इसके अतिरिक्त कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अंतर्गत इंग्लिश विभाग की डॉ. डेजी को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफ़ेसर के पद पर, डॉ. अजित सिंह को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर डॉ. नीतिका को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर, एजुकेशन विभाग की डॉ. वरुणा तहलान दहिया को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर तथा डॉ. सरला को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद ,सामाजिक कार्य विभाग से डॉ. मंजू पंवार को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर तथा डॉ. ज्ञान मेहरा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर, इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. सुनीता को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर तथा डॉ. विनोद सरोहा को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदौन्नति मिली है। कुलपति ने सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के विकास में और अधिक योगदान की अपेक्षा की।